प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई जिलों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी रहा। ऊना जिला में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक 258 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई जो पिछले पांच दशकों में अब तक की सबसे अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार ऊना जिले में 6 घंटों में सबसे अधिक 220 मिलीमीटर वर्षा बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश से चंडीगढ़–धर्मशाला एनएच समेत ऊना शहर के तीन किलोमीटर क्षेत्र में तीन से चार फुट तक जलभराव हो गया है। इधर शिमला जिला के कुमारसेन के शनांद में सड़क बहाली के कार्य के दौरान एक जेसीबी मशीन भू–स्खलन की चपेट में आने से गहरी खाई में गिर गई जिसमें जेसीबी चालक की मौत हो गई। कांगड़ा जिला में स्थित पौंग बांध में जलस्तर बढ़ने के कारण भाखड़ा–ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने बांध से अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्णय लिया है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। भारी बारिश और भू–स्खलन के चलते समेत प्रदेश भर में 403 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा चार सौ 11 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 96 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन के दौरान अब तक वर्षा जनित हादसों में एक सौ 79 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 36 अन्य लापता हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

भूस्खलन–खतरा

चंबा जिला की चड़ी पंचायत में भू–स्खलन से स्वास्थ्य केंद्र चड़ी का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम पंचायत चड़ी के उप–प्रधान पविंद्र कुमार ने बताया कि भू–स्खलन से नीचे बस रहे गांवों के करीब 40 परिवार को भी खतरा पैदा हो गया है। उधर, कुल्लू के भुंतर में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से पैदल पुल बीती रात क्षतिग्रस्त हो गया। जिला प्रशासन ने इस पुल पर आवाजाही बंद कर दी है।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला

चंबा का अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला आज संपन्न होगा। आठ दिनों तक चले इस मेले का विधिवत समापन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर करीब 2 बजे मुख्यमंत्री चंबा पहुंचेंगे जिसके पश्चात परिधि गृह चंबा में जन समस्याओं को सुनेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मिंजर मेले

के समापन अवसर पर आयोजित होने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए अखंड चंडी महल जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी उनके साथ मौजूद रहेंगे।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता.....**

मुख्यमंत्री आज मिजंर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में भी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा कल चंबा के चौगान मैदान में मिंजर मेला पारितोषिक वितरण समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे। मुख्यमंत्री ऐतिहासिक चौगान में स्थापित कलाकेंद्र से करोड़ों रूपये की विकास परियोजनाओं के लोकापर्ण व शिलान्यास भी करेंगे।

**आयुर्वेद–आहार**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों– दोनों में विश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा, आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद संदर्भ सामग्री भी मिल सकेगी। आयुष राज्यमंत्री और स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आहार को सम्मिलित करने का आग्रह किया है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**आपदा प्रभावित परिवारों को वन भूमि उपलब्ध करवाए केंद्र सरकार।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–**कांग्रेस हाईकमान ने दिल्ली बुलाए सुक्खू सरकार के वरिष्ठ मंत्री–पार्टी प्रदेशाध्यक्ष और कैबिनेट विस्तार पर चर्चा संभव।**

मौसम पर अमर उजाला का शीर्षक है–**ऊना में बारिश ने तोड़ा 37 साल का रिकॉर्ड, प्रदेश में 403 सड़कें बंद, ट्रेनें व उड़ाने ठप्प।** दैनिक जागरण की सुर्खी है– **भारी वर्षा से जलमग्न हुआ ऊना।** दिव्य हिमाचल और दैनिक भास्कर की लगभग एक जैसी सुर्खी है–**भयंकर बारिश ने डुबो दिया ऊना–6 घंटे में टूटा 38 साल का रिकॉर्ड, सैंकड़ों दुकानों और घरों में भरा पानी, दहशत में लोग।**

.......................